# पकड़ा जा रहा सड़क पर बैठे पशुओं को

## पशुओं और पशु मालिकों की जुटाई जा रही जानकारी





दबंग दुनिया • पीथमपुर

मध्यप्रदेश शासन और धार कलेक्टर के निर्देशानुसार, नगर पालिका अध्यक्ष सेवंती पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशिकांत शुक्ल, स्वास्थ्य अधिकारी बीएस महते के निर्देशन में निकाय क्षेत्र पीथमपुर के समस्त वार्डों, सार्वजनिक स्थानों, सड़कों इत्यादि से पशुओं को हटाने का काम नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है।

इसके लिए 2 दल बनाकर प्रतिदिन पशुओं को पकड़ा जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशिकांत शुक्ल के आदेशानुसार सभी सफाई पर्यवेक्षक द्वारा वार्डों में प्रतिदिन आवारा पशुओं और पशु मालिकों का सर्वे किया जा रहा है। निकाय के सभी कचरा वाहनों के माध्यम से पशुओं को बाहर छोड़ने पर प्रति पशु 2000 रुपए चालान और पशु के आहार की राशि का भुगतान किए जाने हेतु प्रतिदिन मुनादी की जा रही है। 30 अगस्त 2024 तक 658 पशु और 13000 रुपए की चालानी कार्रवाई की जा चुकी है। नगर पालिका पीथमपुर के पशुदल प्रभारी उम्मीद गोगले व उनकी टीम द्वारा प्रतिदिन आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है और पशुओं को पकड़कर सागौर स्थित गौशाला में छोड़ा जा रहा है।

### जल उपभोक्ता संस्था के चुनाव की हलचल

## शुक्रवार तक सात संस्थाओं के लिए भरे आवेदन, 17 को चुनाव

दबंग दुनिया • सनावद

इंदिरा सागर नहर के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए इसके संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु जल उपभोक्ता संस्थाओं का गठन किया गया है, जिसके चुनाव 17 सितंबर को होंगे। इसके लिए चुनाव की हलचल शुरू हो गई है। नगर के नर्मदा विकास क्रमांक 21 में सात संस्थाओं के लिए शुक्रवार को आवेदन देने की अंतिम तिथि तक फार्म जमा किए गए। इस दौरान संस्थाओं के 37 पदों पर सदस्यों का निर्वाचन होना है। निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार अंतर सिंह कनेश ने बताया कि जल उपभोक्ता संस्था बासवा, ढकलगांव, रूपखेड़ा, नीलकंठ 1 और 2, जीरभार 1 और 2 के निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किए गए हैं। इस कार्यक्रम के अनुसार उपभोक्ता संस्थाओं के ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्य के 37 पदों के लिए फार्म जमा करवाए गए हैं। तहसीलदार कनेश ने



बताया कि संस्थाओं के 28 पद और पूर्व में रिक्त पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया 17 सितंबर को पूर्ण की जाएगी। नर्मदा विकास विभाग के सीबी टटवाल ने बताया कि नहर संस्थाओं का कार्यकाल छह वर्षों का होता है। वहीं, हर दो साल के लिए तीन अलग-अलग अध्यक्षों का निर्वाचन किया जाता है, जिसके अंतर्गत 2 साल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन होगा, जिसमें निर्वाचित सदस्य अध्यक्ष का मनोनयन करेंगे। अध्यक्ष के चुनाव की यह प्रक्रिया 3 अक्टूबर तक संचालित की जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जाएगी। जल उपभोक्ता संस्था के चुनाव को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों और चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों में उत्साह है। निर्वाचन के सहायक रिटर्निंग अधिकारी सिंह ने बताया कि 37 पदों के लिए 40 लोगों ने फार्म जमा किए हैं। बासवा और नीलकंठ 2 में केवल 3 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि सर्वाधिक फार्म जीरभार 1 में 12 लोगों ने जमा किए।

### विहिप ने मनाया स्थापना दिवस

## 70 देशों में विहिप काम कर रहा है : विश्वकर्मा



दबंग दुनिया • सनावद

विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विहिप के क्षेत्रीय गौ रक्षा प्रमुख सोहन विश्वकर्मा थे। विशेष अतिथि के रूप में नजर निहाल आश्रम के संत महामंडलेश्वर नर्मदानंद महाराज उपस्थित थे। इस अवसर पर महाराज जी ने कहा कि धर्म रक्षा, गौ रक्षा, और समाज सेवा के लिए विहिप हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को गौ संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, और जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। महाराज जी ने आश्वासन दिया कि सनावद नगर की गौशाला को जल्दी ही अतिक्रमण से मुक्त कर वहां गौ सेवा सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोहन विश्वकर्मा ने विहिप के महत्व और उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। सनावद नगर की गौशाला के अतिक्रमण को लेकर विश्वकर्मा ने कहा कि चाहे कुछ भी करना पड़े, गौशाला को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा और इसे उत्तम बनाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री नितिन करड़क ने किया और आभार आशीष टांक ने व्यक्त किया। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री अतिशय जोशी, संघ के जिला संघचालक राजेंद्र साद, दिलीप सकारोदिया, राजा चौरसिया, रवि गुर्जर, धर्मेंद्र सिंह पवार, सुशांत गार्गव, दीपक योगी, धर्मेंद्र मसंद, अमित यादव, चिराग लाड़, पवन योगी, संदीप पवार, शिवा मौर्य, उमा बेसवार, उषा पारिख, भारती परिहार, एकता मालवीय, अश्विनी चौधरी, लक्ष्मी कदम, भावना केवट सहित प्रखंड के धर्मयोद्धा, मातृशक्ति और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री ठाकुर पीथमपुर पहुंचीं



दबंग दुनिया • पीथमपुर

धार-महू सांसद और केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर शुक्रवार को पीथमपुर पहुंची। वे पूर्व सांसद प्रतिनिधि अमृत जैन के यहां पहुंची। श्री जैन और उनके साथियों ने मंत्री ठाकुर का स्वागत किया। यूनियन कार्बाइड के कचरे को पीथमपुर में जलाने के मुद्दे पर उन्होंने मंत्री ठाकुर से चर्चा कर उन्हें इससे होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। पूर्व सांसद प्रतिनिधि जैन ने मंत्री ठाकुर से आग्रह किया कि वे हस्तक्षेप कर पीथमपुर में इस कचरे को नहीं आने दें। मंत्री ने बीजेपी के सदस्यता अभियान सहित और शासन की जनकल्याणकारी योजना को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान पार्षद बालाराम मीणा, अमरेश शर्मा, सुशील पांडेय, अवध ठाकुर, स्वदेश पटेल, प्रमोद खरे, कमलेश मीणा, कुंदन पवार, संजय सोनी, महेंद्र ठाकुर, विनोद किरार, मुकेश गर्ग आदि उपस्थित थे।



## संत जयकरणदास भक्तमाल परमहंसजी की समाधि पर उमड़े भक्त

**देपालपुर।** 24 अवतार मन्दिर के अधिष्ठा ब्रह्मलीन गुरुदेव जयकरणदास भक्त माल परमहंसजी के 20वें निर्वाण दिवस पर उनके समाधि स्थल पर सैकड़ों भक्तो ने पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। समाधिस्थल को फूल बंगले से सजाया गया। समाधिस्थल पर चटवाडा हनुमान मंदिर के पुजारी 1008 रघुनन्दनदास महाराज ने आरती उतारी। इस दौरानअखंड रामायण पाठ का समापन व रुद्राभिषेक किया गया।

इस दौरान समाधि स्थल पर 24 अवतार मन्दिर ट्रस्ट सचिव व गुरु भक्त चिंटू वर्मा, राजू शर्मा, मुरलीधर शर्मा, शंकर दादू, हुकमदादा नागर, अशोक सोनी, शिव शर्मा, पुजारी राजेश शास्त्री सहित सैकड़ों भक्त आरती में शामिल हुए। आरती पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया।

## मण्डलेश्वर में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने किया नर्मदा पूजन

दबंग दुनिया • मण्डलेश्वर

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और होशंगाबाद के सांसद, दर्शन सिंह चौधरी, अल्प प्रवास पर पवित्र नगरी मण्डलेश्वर पहुंचे। बस स्टैंड पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार के साथ उनका भव्य स्वागत किया। किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी के साथ किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, किसान मोर्चा धार के जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ठाकुर, और मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी विवेक अहिरवार भी उपस्थित थे। इन सभी का भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश मोयदे, सेक्टर प्रभारी ब्रम्हदत्त चौहान, वरिष्ठ नेता टन्टू वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश केवट, अ.जा. मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरि गाडगे, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष जया वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजुला मेवाड़े, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कमल कानूडे, मंडल महामंत्री संदीप हिरवे, व्यापारी संघ अध्यक्ष विजय पाटीदार, भाजपा नेता सुरेश व्यास, मोहन सिंह सरपंच चोली, कमल सिंह यादव, संदीप मौर्य, पवन अग्रवाल, गजानंद कोचले, बाबूलाल सिटोले, राकेश पटेल, दिनेश पाटीदार, लीला वर्मा, तुलसी वर्मा, गीता पटेल, और मीडिया प्रभारी राजेश पंवार ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रामघाट नर्मदा तट पर माँ नर्मदा का पूजन और अभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 2 सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता महाअभियान के लिए तैयार रहें। श्री चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा का लक्ष्य डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का है, और हम इस लक्ष्य को पार करेंगे और भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव बनाए रखेंगे।

Classified

सस्ते भवन निर्माण

भवन निर्माण का सुनहरा अवसर ऐ क्लास कंस्ट्रक्शन विथ मटेरियल और कुशल लेबर कॉन्ट्रैक्ट भरोसेमंद, निर्माण के साथ इंदौर नगर निगम और ग्राम पंचायत के नक्शे मात्र 7 दिन में पास किए जाते है। इंदौर में बुकिंग पर रो हाउस बंगले किफायती बजट में बनाए जाते हैं।

इंजि. शिवम मौर्य 8839318992
इंजि - विवेक साहू 9993019127

### रोजगार मेले का हुआ आयोजन

## 129 पंजीयन में से 91 युवक-युवती का चयन



दबंग दुनिया • कसरावद

शुक्रवार को नगर के सामुदायिक भवन में मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जनपद पंचायत कसरावद और रोजगार कार्यालय खरगोन द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह के निर्देशन में किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक गोविंद मंडलोई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीना अंसारी और जिला प्रबंधक श्रीमती रीना गुप्ता के मार्गदर्शन में मेले का सफल आयोजन हुआ। रोजगार मेले का शुभारंभ रोजगार कार्यालय के राजपाल सिंह और जनपद पंचायत के बीपीओ कमल किशोर चौबे द्वारा किया गया। मेले में 4 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें न्यू झील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड बदनावर, शिव शक्ति बायोटेक खरगोन, एलआईसी खरगोन और शिवम शक्ति स्वीकृति गार्ड खरगोन शामिल थीं। इस दौरान सभी कंपनी प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी कंपनियों के बारे में जानकारी दी और राजपाल सिंह ने बेरोजगार युवक-युवतियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रमुख कंपनियों द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। रोजगार मेले के माध्यम से कुल 129 पंजीयन हुए, जिनमें से 91 युवक-युवतियों का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रबंधक वैभव दुबे ने किया। पंजीयन कार्य दतपाल सिंह चौहान, सुश्री मालती सोलंकी और श्रीमती भावना भालसे ने संभाला। कंपनी प्रतिनिधियों और बेरोजगार युवक-युवतियों को परामर्श इंदर सिंह चौहान द्वारा दिया गया।

## प्रसूता महिला वार्ड में पुरुषों के जाने पर रहेगा प्रतिबंध



दबंग दुनिया • सनावद

संचालक स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर नगर के सिविल अस्पताल में एसडीएम पीके अगास्या और एसडीओपी अर्चना रावत ने नगर के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की व्यवस्था और सुरक्षा के इंतजामों का जायजा लिया। साथ ही रात के समय ड्यूटी पर होने वाली समस्याओं के बारे में अस्पताल के स्टाफ से चर्चा की। एसडीएम अगास्या और एसडीओपी रावत ने अस्पताल की बाउंड्री वॉल बनाने के स्थान और अन्य जगहों का निरीक्षण किया, जहां पर प्रशासन द्वारा कार्य प्रस्तावित है। एसडीएम अगास्या ने बताया कि सिविल अस्पताल में सीसीटीवी लगाने को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही महिलाओं के वार्ड में पुरुषों के जाने पर सख्त प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल प्रबंधन को प्रसूता वार्ड में बोर्ड चस्पा कर पुरुषों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने को कहा गया है। एसडीएम अगास्या ने निर्देश दिया कि रात के समय यदि कोई कर्मचारी या अन्य व्यक्ति शराब पीकर उत्पात मचाता है या ड्यूटी पर आता है, तो उसकी शिकायत तुरंत थाना प्रभारी से की जाए। उन्होंने नगरपालिका और विद्युत मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि रात में अस्पताल में प्रकाश व्यवस्था पूर्ण रूप से होनी चाहिए। अधिकारियों ने लगभग 30 मिनट तक अस्पताल के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया और प्रशासनिक स्तर पर किए जाने वाले सुधार कार्यों पर चर्चा की। एसडीओपी रावत ने बताया कि पुलिस द्वारा यहां पर अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो रात के समय स्थाई रूप से मौजूद रहेंगे और किसी भी अप्रिय स्थिति, वाद-विवाद, या शराब के नशे में आने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। इस दौरान अस्पताल के स्टाफ नर्स ने भी अपनी समस्याओं के संबंध में अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया, जिनकी देखरेख के लिए टीआई इंद्रेश त्रिपाठी को निर्देशित किया गया। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के शिवकुमार सोलंकी, आशीष सोनी, विद्युत मंडल से एई अमित ठाकुर, अस्पताल प्रभारी हंसा पाटीदार, और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# साइकिल से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश

दबंग दुनिया • भगवानपुरा

नगर के शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. प्रकाश सोलंकी ने ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और वैश्विक पर्यावरणीय असंतुलन के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक पहल शुरू की है। वे प्रतिदिन साइकिल से कॉलेज आते-जाते हैं, जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैलता है, बल्कि विद्यार्थियों और समाज को भी नई प्रेरणा मिलती है। डॉ. सोलंकी ने बताया कि वर्तमान समय में भारत ही नहीं, बल्कि समूचा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। इसका एक प्रमुख कारण पेट्रोल एवं डीजल से चलने वाले वाहनों से उत्पन्न प्रदूषण है। जनसंख्या वृद्धि के साथ वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, जिससे प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की समस्याएं और गहरी होती जा रही हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए उन्होंने साइकिल चलाने का निर्णय लिया है। प्राचार्य डॉ. सोलंकी का मानना है कि कोई भी बदलाव की शुरूआत व्यक्तिगत स्तर से करनी होती है। उनका कहना है कि जब वे स्वयं साइकिल से कॉलेज जाते हैं, तो इससे उनके विद्यार्थी और अन्य लोग भी प्रेरित होंगे और इस दिशा में कदम उठाएंगे। साइकिल चलाने के कई फायदे होते हैं। इससे न केवल ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। साइकिल चलाने से शरीर का उत्तम व्यायाम होता है, रक्त संचार सुचारु रहता है, और बीमारियों से बचाव होता है। साइकिल चलाने से स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में भी कमी आती है, जिससे वह धन किसी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में लगाया जा सकता है, जैसे कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण। डॉ. सोलंकी ने सुझाव दिया कि जो लोग छोटी दूरी के लिए बाजार या कार्यस्थलों पर जाते हैं, उन्हें अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करना चाहिए। उनका यह कदम न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि यह समाज में एक नई सोच और प्रेरणा का संचार कर रहा है।

**प्रताप स्नैक्स लिमिटेड**

Yellow Diamond

सीआईएन: L15311MP2009PLC021746
पंजीकृत कार्यालय: खसरा नं. 378/2, नेमावर रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा, इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत
दूरभाष: (+91 731) 243 7604/642, ई-मेल: complianceofficer@yellowdiamond.in वेबसाइट: www.yellowdiamond.in

**वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोज़र एवं रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी हेतू सूचना**

एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कंपनी की 15वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सोमवार, 23 सितंबर, 2024 को दोपहर 3:30 बजे आईएसटी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के लागू प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के अनुपालन में) विनियम, 2015 एवं परिपत्र संख्या 09 /2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023, के साथ परिपत्रो 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022, 2/2022 दिनांक 5 मई, 2022, 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर, 2021, 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, 14 / 2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 17 / 2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020 दिनांकित के साथ पठित कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी / सीएफडी-पीओडी - 2 / पी/सीआईआर / 2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर, 2023 सेबी द्वारा जारी सेबी/एचओ/सीएफडी/ पीओडी-2 /पी/सीआईआर/ 2023/4 दिनांक 5 जनवरी 2023, सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 2/सीआईआर / पी / 2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 के साथ पढ़े ( सामूहिक रूप से परिपत्रों के रूप में संदर्भित), एजीएम को बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को लेन-देन करने के लिए आयोजित की जाएगी। सदस्य सिर्फ वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकेंगे।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 जिसमें 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तिय वर्ष के लिए वित्तिय विवरण, बोर्ड की रिपोर्ट, ऑडिटर की रिपोर्ट व अन्य दस्तावेज शामिल है जो कि कंपनी के शेयर धारकों को उनके ईमेल में 30 अगस्त, 2024 को भेज दिए गए है जिनके ई-मेल कंपनी / डिपॉजिटरीर्स के साथ पंजीकृत हैं। एजीएम नोटिस व वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर व स्टॉक एक्सचेंज यानि बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध होगी साथ ही सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी। वार्षिक रिपोर्ट की हार्डकॉपी सदस्यों के निवेदन पर उन्हे भेजी जाएगी।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 91 सहपठित कम्पनियों (प्रबंधन एवं संचालन) नियम, 2014 के तहत सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर ट्रांसफर खाते मंगलवार, दिनांक 17 सितंबर, 2024 से सोमवार, दिनांक 23 सितंबर, 2024 (दोनों दिनांक सहित ) कम्पनी की वार्षिक आम बैठक एवं लाभांश भुगतान हेतु (यदि घोषित होता है) बन्द रहेंगें।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 एवं कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के तहत, (सूचीकरण दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के अनुपालन में) विनियम, 2015 के विनियम 44 और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक, कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करने में प्रसन्न है। एजीएम (रिमोट ई-वोटिंग ) के स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम का उपयोग करने वाले सदस्यों द्वारा वोट डालने की सुविधा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रदान की जाएगी।

एजीएम नोटिस में निर्दिष्ट व्यवसायों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग के माध्यम से निष्पादित किया जाएगा। रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित सूचना एजीएम नोटिस से उन सदस्यों को प्रेषित कर दिया गया है जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी / डिपाजिटरीर्स के साथ पंजिकृत है।

रिमोट ई-वोटिंग गुरुवार, दिनांक 19 सितंबर, 2024 प्रात: 9:00 बजे से प्रारंभ होगी और रविवार, दिनांक 22 सितंबर, 2024 को सायं 5:00 बजे समाप्त हो जावेगी। उपर्युक्त दिनांक व समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने की अनुमति नहीं दी जावेगी। वे सदस्य जिनका नाम सोमवार, दिनांक 16 सितंबर, 2024 (Cut-off Date) को रजिस्टर ऑफ मेम्बर्स / बेनिफिशियल आनर्स में है, उन्हें ही रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अथवा बैठक मे ई वोटिंग करने की सुविधा प्रदान की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति एजीएम की सूचना पत्र के प्रेषित करने के बाद और सोमवार, दिनांक 16 सितंबर, 2024 (Cut-off Date ) को शेयर धारण करके कम्पनी का सदस्य बनता है, वह भी रिमोट ई-वोटिंग, ई-वेटिंग और वर्चुअल मिटिंग मे शामिल होने के निर्देशो का पालन करें। वो सदस्य जिन्होने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया है वे दोबारा एजीएम के समय ई वोटिंग करने के लिए अधिकारी नहीं है।

इसके अतिरिक्त, मतदान की सुविधा ई- वोटिंग प्रणाली द्वारा कंपनी के सदस्यों के लिए एजीएम के दौरान ई- वोटिंग के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी जिन्होंने अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा नहीं डाला है।

**सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से रिमोट ई- वोटिंग, एजीएम मे ई- वोटिंग और वर्चुअल एजीएम में शामिल होने के निर्देशों को ध्यान से पढ़े।**

यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से एजीएम और ई-वोटिंग में भाग लेने के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं या टोलफ्री नं. 1800 2255 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों के लिए श्री राकेश दालवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 से सम्पर्क कर सकते है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें या टोलफ्री नं. 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते **प्रताप स्नैक्स लिमिटेड**
(हस्ताक्षर)
**पराग गुप्ता**
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

**स्थान:** इन्दौर
**दिनांक:** 30, अगस्त 2024

ANIL PUB.